THE MOTOR VEHICLES (AMENDMENT BOX, 1994

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER); Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Motor Vehicles Act, 1988.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI JAGDISH TYTLER". Madam, 1 introduc: the Bill;

LEAVE OF ABSENCE

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform Members that a telegram has been recevid from Shri R. K. Karanjia stating that he is stiil convalescing from illness and is unable to attend the House during the current session He has, therefore, requested for the grant of Leave of Absence from all sittings of the House during the current session.

Is it the pleasure of the House that permission be granted to Shri R. K. Karanjia for remaining absent from all the sittings of the House during the current session?

(No hon. Member dissented)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Permission to remain absent is grant.

Re: Massacre of 26 persons in village Barun. District Khagaria Bihar.

श्री रजनी रंजन साहू (बिहार) : मैडम पिछले शनिवार से बिहार खगरिया जिसू में बरण गांव में 26 लोगों की हत्याएं की गई । मैडम, यह हत्याओं एवं अप्रहर की कड़ी में एक नया आयाम है । इसमें लिंग 14 बच्चों और 7 महिलाओं की हत्याएं की गई हैं । माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं । मैं उनका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा । बिहार में लॉ एंड आर्डर की स्थिति सभावत है । वहां लॉ एंड आर्डर नाम की कोई चीज नहीं है । नरसहार हो रहे हैं और बिहार सरकार कुम्भकरण की तरह सोयी हुई है । पता नहीं, हमारे गृह मंत्री जी उन्हें जगाने का काम करेंगे या नहीं करेंगे ? लेकिन मैं उनसे निवेदन करना चाहूंगा कि यह तो. . . (व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री एस०बी० चव्हाण) : कुम्भकरण जी क्यों जगा रहे हो ?

कुमारी सरोज खापर्डे : सोने दो, क्यों जगाते हो ?

श्री रजनी रंजन साहू : यह जो निर्दोष बच्चों और महिलाओं की हतयाएं हुई हैं, उन्हें मारकर कोसी नदी में भी वहां दिया गया । महोदया, यह तय है कि वहां भूमि सुधार का काम है या लैंड सीलिंग का काम है, वह कुछ हुआ नहीं है । जिस वजह से भी हत्याएं हुई हों, लेकिन यह सिलसिला चल रहा था और आज तक वहां की सरकार या वहां के जो पदाधिकारी हैं, उनकी तरफ से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है । किसी को अरेस्ट नहीं किया गया है या किसी तरह की वहां पर रोकथाम नहीं की गई है । गरीब लोग गांव छोड़कर भाग रहे हैं । सारे गांवों के लोग भयभीत हैं । मैं चाहूंगा कि गृह मंत्री उस ओर विशेष ध्यान दें और वहां पर केन्द्र का दायित्व है उस दायित्व को निभाएं ।

श्री एस० एस० सिंह अहलुवालिया (बिहार) : उपसभापति महोदया, मैं रजनी रंजन साहू जी ने जो विषय उठाया है उससे एसोसिएट करता हूं । सरकार ने जो आतंक लालू यादव पिछले चार सालों से बिहार में मचाया है, उस के ऊपर कई बार गौर किया जा चुका है, कई बार इसकी इंक्वायरी भी हुई लेकिन अभी तक कोई कारगर कदम केन्द्र की तरफ से नहीं उठाया गया है । वैसे तो वोट लेने के वक्त अनुसूचित जातियों और पिछड़ा जातियों की ये बात करते हैं, लेकिन पिछड़ी जातियों के लोगों के गांव के गांव साफ कर दिए जाते हैं । वहां गांवों के लोगों को निकाल बाहर किया जाता है ।